# सेंट्रल बैंक द्वारा वित्तीय संतृप्ति कार्यक्रम आयोजित

सीहोर जागरण। भारत सरकार की वित्तीय सेवा विभाग द्वारा 1 जुलाई से 30 सितंबर तक संचालित किए जा रहे हैं वित्तीय संतृति अभियान के अंतर्गत सेंट्रल बैंक क्षेत्रीय कार्यालय सागर द्वारा 12 सितंबर को एक वित्तीय कार्यक्रम संपादन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय निर्देशक भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल श्रीमति रेखा चंदनावेली सेंट्रल बैंक क्षेत्रीय कार्यालय प्रमुख कुंदन कुमार, एमपी ग्रामीण बैंक प्रंधक जितेन्द्र तिवारी, भारतीय रिजर्व सहायक महाप्रंधक संजय सचका, सेंट्रल बैंक जिला प्रबंधक जीतेन्द्र पाल, सहित बैंक के बरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।